# बेहतर स्वास्थ्य सेवा व सामाजिक सुरक्षा के तहत विशेष सेवा पखवाड़ा






**सवेरा न्यूज/रविंदर शर्मा**

जालंधर, 3 मार्च : कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप-क्षेत्रीय कार्यालय जालंधर द्वारा दिनांक 24 फरवरी से 10 मार्च तक विशेष सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसकी थीम है 'बेहतर स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सुरक्षा'। पखवाड़ा के दौरान उ.क्षे. का. व इसके शाखा कार्यालयों द्वारा इनके बीमाकृत व्यक्तियों व हितलाभार्थियों के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राकेश कुमार, उप-निदेशक प्रभारी व उ.क्षे. का. के अन्य अधिकारियों द्वारा 24 फरवरी को मैस. आई.टी.सी. कपूरथला में सैमीनार/जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया व 27 फरवरी को ई.पी.एफ.ओ. के साथ मिलकर सुविधा समागम का आयोजन किया गया। 28 फरवरी को स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया व 01 मार्च को उ.क्षे. का. तथा शा. कार्यालयों द्वारा शिकायत निवारण दिवस (सुविधा समागम) का आयोजन किया गया। 2 व 3 मार्च को उ.क्षे. का. व शा. कार्यालयों द्वारा बीमाकृत व्यक्तियों व हितलाभार्थियों के दावों के निपटान हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इसके अलावा उ.क्षे. का. क. द्वारा रा. बी. योजना अस्पताल के स्वास्थ्य जांच अभियान, विशेष स्क्रीनिंग अभियान, योगा अभियान आदि में भी समन्वय किया जा रहा है।